an>

Title: Regarding need to provide adequate compensation and alternative land to people whose land has been acquired for Nauradehi Wildlife Reserve in Damoh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** मैं सरकार का ध्यान नौरादेही चीता अभ्यारण्य द्वारा विस्थापित ग्रामीणों की समस्या की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। नौरादेही चीता अभ्यारण्य के द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र दमोह (मध्य प्रदेश) के तकरीबन 23 गाँव विस्थापन के कगार पर हैं और उन ग्रामीणों के आवास और खेती की जमीन दोनों ही उनसे छिन जाएंगे। किसानों की करीब 1500 हेक्टेयर जमीन इस अभ्यारण्य के अंदर आ गई है जिससे ये किसान भूमिहीन होने के कगार पर है। मुआवजा 10 लाख प्रति परिवार तय किया गया है जो पर्याप्त नहीं है और न ही जमीन के बदले जमीन देने की कोई व्यवस्था की गई है। इस इलाके में दूर तक खाली जमीन उपलब्ध नहीं है जिस जगह पर उन गरीब किसानों का पुनर्वास किया जाएगा।

मैं भारत सरकार विशेषकर वन एवं पर्यावरण मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा ताकि उन किसानों को उचित मुआवजा दिलाने तथा अन्यत्र खेती योग्य जमीन उपलब्ध कराने हेतु शीघ्र कदम उठाए जाएं जिससे किसान अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।